हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 13 सितंबर 2025




# 'एग्रोविजन 2025' में गडकरी ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर दिया ज़ोर

## नीली अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन और स्वच्छ ईंधन किसानों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं

**नागपुर.**




देश के मध्य में स्थित विदर्भ में डेयरी फार्मिंग, गन्ना, नर्सरी उत्पादन, हथकरघा और संतरा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि यदि पारंपरिक कृषि पद्धतियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी, वैकल्पिक कृषि-आधारित आजीविका और नवीन पद्धतियों के साथ जोड़ दिया जाए, तो इससे किसानों का जीवन समृद्ध होगा और बदले में किसान आत्महत्याओं पर अंकुश लगेगा। वह 21 से 24 नवंबर 2025 तक नागपुर में अमरावती मार्ग स्थित राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित विशाल कृषि प्रदर्शनी 'एग्रोविजन 2025' में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भारणे की उपस्थिति में किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों, संबंधित व्यवसायों के साथ-साथ विदर्भ और आसपास के क्षेत्रों में कृषि को मजबूत करने, संकटों को कम करने और उन्हें जानकारी प्रदान करने के लिए नवीन प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना है।

विदर्भ की खूबियों पर प्रकाश डालते हुए, गडकरी ने इस क्षेत्र में दूध संग्रहण को 50 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाने और इजरायल खेती तकनीक सहित सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने संतरे की उत्पादकता को 20-25 टन प्रति एकड़ तक बढ़ाने के लिए विदर्भ में स्पेन से वैलेंसिया संतरे की किस्में लाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

**प्रदर्शनी में 30 से अधिक तकनीकी कार्यशालाएं :** प्रदर्शनी में प्रदर्शनियां, 60 विशेषज्ञों द्वारा 30 से अधिक तकनीकी कार्यशाला, और खाद्य प्रसंस्करण, कृषि हेतु सूचना प्रौद्योगिकी, मूल्य संवर्धन और बाज़ार संपर्क पर विशेष सत्र शामिल होंगे। प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि उपकरण, प्रौद्योगिकी और नवीन पद्धतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और कृषि-स्टार्टअप के लिए समर्पित बूथ भी होंगे।

### नीली अर्थव्यवस्था में 7.5 लाख करोड़ का अवसर

गडकरी ने कहा कि 7.5 लाख करोड़ रुपये की नीली अर्थव्यवस्था किसानों के लिए नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के मीठे पानी के भंडारों का उपयोग झींगा पालन के लिए एक सहयोगी उद्यम के रूप में करने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इथेनॉल और आइसोब्यूटेनॉल जैसे स्वच्छ ईंधन, और ड्रोन तथा बांस-आधारित उत्पादों जैसे नवाचारों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला ताकि कृषि आय में वृद्धि हो और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिले।

# गोंडखैरी नो-एंट्री प्वाइंट पर 70 बैलों की अवैध ढुलाई का भंडाफोड़

**नागपुर.**




शहर में गोंडखैरी नो-एंट्री प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पशुओं की ढुलाई कर रहे एक संदिग्ध वाहन को पकड़ा। जांच में वाहन से करीब 70 बैल बरामद किए गए, जिनके परिवहन के लिए कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। यह वाहन उत्तर प्रदेश पासिंग था और तेज रफ्तार में नागपुर की ओर बढ़ रहा था, जिससे पुलिस को शक हुआ। वाहन की नंबर प्लेट कपड़े से ढकी हुई थी, जिससे संदेह और गहरा गया। मौके पर तैनात पुलिस ने तुरंत वाहन को रोका और तलाशी ली।

पूछताछ में चालक ने बताया कि बैलों को मध्य प्रदेश के सागर से लाकर हैदराबाद ले जाया जा रहा था, लेकिन वह किसी भी तरह के कानूनी दस्तावेज या पशु ढुलाई परमिट नहीं दिखा सका।

**वाड़ी पुलिस को सौंपी गई कार्रवाई :** पशु संरक्षण अधिनियम और परिवहन नियमों के उल्लंघन के चलते पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में लेकर वाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। आगे की कार्रवाई वाड़ी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# वाठोड़ा में क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## 5.90 लाख का एमडी ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार, दो फरार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने वाठोड़ा परिसर में देर रात की गई कार्रवाई में नशे के कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने 102 ग्राम एमडी पाउडर समेत कुल 5.90 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी फरार बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई सकरदरा–उमरेड रोड स्थित राकेश पान पैलेस के सामने की गई। गश्त के दौरान पुलिस को एक बिना नंबर की मोपेड पर संदिग्ध युवक दिखाई दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एमडी पाउडर बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वाठोड़ा निवासी रफिक खान के रूप में हुई है। उस पर पहले भी हत्या और लूटपाट सहित कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि यह माल उसे साजिद उर्फ काजू के जरिए फिरोज खान उर्फ हड्डी से मिला था।

फिरोज पर पहले से ही डकैती की साजिश, आर्म्स एक्ट और जुआ कानून के तहत अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी से 102 ग्राम एमडी पाउडर और मोबाइल फोन समेत कुल 5.90 लाख रुपए का माल जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए वाठोड़ा पुलिस थाने के हवाले किया गया है।

# न्यायालय परिसर में जज की कार में लगी आग, अफरा-तफरी का माहौल

**नागपुर.**



शहर जिला सत्र न्यायालय परिसर में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक जज की कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। घटना के वक्त परिसर में वकील, कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही मिनटों में आग फैल गई। मौके पर तैनात पुलिस हवलदार सुनील तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और तेज़ी से आग पर काबू पा लिया गया। दमकलकर्मियों की मुस्तैदी से आग अन्य वाहनों तक नहीं पहुंच सकी और आसपास खड़ी गाड़ियां सुरक्षित रहीं। सौभाग्य से इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस और दमकल विभाग ने संयुक्त रूप से मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने न्यायालय परिसर में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# नागपुर में महिला से अपहरण कर मारपीट

## मरा हुआ समझकर सड़क पर छोड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**



शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सक्करदरा निवासी 33 वर्षीय महिला को उसके परिचित इरशाद अहमद मुख्तार अहमद (26) महबूबपूरा, टीपू सुल्तान चौक ,यशोधरा नगर निवासी ने फोन कर शीतला माता चौक पर बुलाया। जब महिला वहाँ पहुँची तो इरशाद बाइक पर उसे छोटे ताजबाग इलाके में ले गया। कुछ देर बाद इरशाद का मित्र इमरान शेख शेख रशीद (38) संघर्ष नगर, यशोधरा नगर निवासी और उसका छोटा भाई कार लेकर वहाँ पहुँचे। तीनों ने मिलकर महिला को जबरदस्ती कार में बैठाया और गाड़ी में बैठाकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपी इरशाद ने महिला का मोबाइल, पैसे और जरूरी कागजात छीन लिए। इसके बाद इरशाद और इमरान ने लात-घूंसों से पीड़िता को बेरहमी से पीटा। इरशाद ने लोहे की रॉड से महिला के सीने, चेहरे और पूरे शरीर पर हमला किया। इतना ही नहीं, उसके बाल पकड़कर गला दबाने की कोशिश भी की गई। हमले के बाद महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। आरोपियों को लगा कि वह मर चुकी है, इसलिए उसे गार्ड लाइन क्षेत्र में फेंककर फरार हो गए। घायल अवस्था में महिला को अस्पताल ले जाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही तहसील थाना पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी इरशाद अहमद (26) और शेख इमरान (38) को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपी, इरशाद का छोटा भाई, फरार बताया जा रहा है। इरशाद अहमद वेल्डिंग का काम करता है जबकि आरोपी शेख इमरान कार चालक है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और अपहरण जैसी विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वकील से 2.5 करोड़ की खंडणी मांगने का मामला दर्ज

**नागपुर.**

शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में खंडणी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, फिर्यादी शंकर लालवानी (35), निवासी सिंधी हाईस्कूल परिसर पेशे से वकील हैं। आरोपी मनीष गोपीचंद गोलू उर्फ तोतवानी, निवासी सिंधी कॉलोनी, खामला, बचपन से फरियादी का परिचित है। 21 अगस्त 2025 की शाम लगभग 5:45 बजे, आरोपी ने फिर्यादी को त्रिमूर्ति नगर स्थित पंकज ट्रेडर्स के ऑफिस में बुलाया और कहा कि एक मीटिंग करनी है। जब फिर्यादी वहाँ पहुँचे तो आरोपी ने उनसे धमकाते हुए कहा कि "10 अगस्त को मैंने ऑनलाइन सट्टेबाजी में 2.5 करोड़ रुपए हारे हैं, यह रकम मुझे तुम्हें देनी होगी।" पैसे नहीं देने पर आरोपी ने फिर्यादी को धमकी दी कि वह उन्हें सुधीर बत्रा आत्महत्या प्रकरण में फंसा देगा और सावकारी अधिनियम 2014 के तहत केस करवा देगा। फरियादी ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। प्रतापनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खंडणी व धमकी समेत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हुई है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से 6 लाख की वायर और सामान की चोरी

## कर्मचारी पर मामला दर्ज

**नागपुर.**

शहर के तहसील थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी का मामला उजागर हुआ है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि दुकान में ही काम करने वाला कर्मचारी निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी आकाश मनसुखदास गिडवानी (30), निवासी जरीपटका, का गोळीबार चौक स्थित शहंशाह इलेक्ट्रॉनिक्स एंड केबल नामक दुकान है। दुकान में आरोपी अब्बास मकबूल हुसैन (27), नवा नकाशा क्षेत्र निवासी पिछले एक साल से काम करता था। फरियादी ने बताया कि पिछले एक साल से दुकान में रखे गए महंगे वायर के बंडल धीरे-धीरे कम होते जा रहे थे। जब इस बारे में उन्होंने अपने पिता से पूछा गया तो पता चला कि उन्होंने कोई भी वायर ग्राहक को नहीं बेचा है। 10 अगस्त को दुकान बंद करते समय आरोपी को चाय लाने भेजा गया। इसी दौरान उसकी बैग की तलाशी ली गई तो उसमें चोरी किया गया वायर बंडल मिला। बाद में जब दुकान का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया तो आरोपी कई बार बंडल चुराकर ले जाते हुए दिखाई दिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात कबूल कर ली। विभिन्न कंपनियों के वायर बंडल समेत करीब 6,06,735 का माल अभी तक आरोपी अब्बास दुकान से चुरा चुका था। फरियादी की शिकायत पर तहसील पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# गोलीबारी की जांच में बंद सीसीटीवी बने पुलिस के लिए चुनौती

**नागपुर.**

कडबी चौक स्थित कामठी रोड पर बुधवार रात 9 बजे के करीब अनाज व्यापारी राजेंद्र दिपानी पर गोलीबारी और लूट की वारदात हुई। इस सनसनीखेज घटना के बाद गुरुवार को जरिपटका पुलिस ने कड़ी मशक्कत की, लेकिन हमलावरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। सबसे बड़ी दिक्कत यह रही कि घटना स्थल और आसपास लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरे बंद थे। पुलिस ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए अधिकांश कैमरे काम नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते जांच में बड़ी बाधा आ रही है। फिलहाल पुलिस आसपास के नागरिकों द्वारा लगाए गए निजी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इस बीच गोलीबारी में घायल हुए व्यापारी दिपानी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### बंद सीसीटीवी पर उठे सवाल

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में कुल 3,600 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इनमें से करीब 700 चौकों पर ये कैमरे मौजूद हैं। लेकिन हकीकत यह है कि इनमें से आधे से ज्यादा कैमरे बंद पड़े हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि ये कैमरे चालू होते तो हमलावरों तक पहुंचना आसान हो जाता। महापालिका प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में 3,600 में से 2,000 कैमरे ही चालू हैं। वहीं, शेष 1,600 बंद कैमरों को शुरू करने के लिए हाल ही में 10 करोड़ का फंड मंजूर किया गया है और तीन एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**लूटी गई रकम पर नया विवाद**

हमलावरों द्वारा लूटी गई रकम को लेकर भी नया विवाद खड़ा हो गया है। प्रारंभ में दिपानी ने 2 लाख रुपए लूटे जाने की बात कही, बाद में रकम 5 लाख बताई, जबकि अंततः उन्होंने 50 लाख की लूट का दावा किया। रकम की यह बदलती जानकारी पुलिस के शक को और गहरा कर रही है। पुलिस को आशंका है कि यह रकम हवाला की हो सकती है।

**हमलावरों की तलाश में पांच**

### पुलिस को हमलावरों का सुराग लगाने में हो रही कठिनाई

**पथक :** जरिपटका पुलिस ने हल्लेखोरों का सुराग लगाने के लिए 3 विशेष पथक गठित किए हैं। इसके अलावा अपराध शाखा और परिमंडल उपायुक्त स्तर पर भी अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। कुल मिलाकर करीब 25 पुलिसकर्मी हमलावरों की तलाश में जुटे हैं। "उत्तर नागपुर के अधिकतर सरकारी सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। यदि ये चालू होते तो जांच के लिए जरूरी सुराग मिल जाते। अब निजी सीसीटीवी की मदद से जांच जारी है।" 'खुदाई के काम के चलते कई जगह केबल टूटे और 1,600 कैमरे बंद हो गए। अब 10 करोड़ की राशि मंजूर हुई है। तीन एजेंसियों को नियुक्त कर बंद कैमरे जल्द शुरू किये जाएंगे।'

# गिट्टी खदान में बंद घर से चोरों ने उड़ाया 2.22 लाख का माल

**नागपुर.**



गिट्टीखदान थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए 2.22 लाख का माल उड़ा लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पेंशन नगर स्थित राधे बालाजी अपार्टमेंट के सामने प्लॉट नं. 210/के/1 में रहने वाले शिवकुमार पचकवडी धुर्वे (52 ) अपने पिता के निधन के कारण परिवार सहित मध्यप्रदेश के सिवनी जिले, लखनादौन तहसील के जोबा गांव गए हुए थे। धुर्वे ने घर पर ताला लगाकर 20 अगस्त को प्रस्थान किया था। 28 अगस्त को उनके रिश्तेदारों ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। 9 सितंबर को जब वे नागपुर लौटे और घर की जांच की, तो पाया कि अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर बेडरूम में रखे कपाट से 1,20,000 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण तथा लेनोवो कंपनी का लैपटॉप चोरी कर लिया है। चोरी का कुल माल लगभग 2,22,150 रुपये का बताया जा रहा है। शिकायत पर गिट्टीखदान पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# मानकापुर फ्लाईओवर पर स्कूल वैन और बस की भीषण टक्कर

## आठ बच्चे घायल एक गंभीर

**नागपुर.**



शहर के मानकापुर फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक स्कूल वैन और स्कूल बस की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में वैन चालक सहित कुल आठ स्कूली बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

**हादसे का कारण और स्थिति:**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूल वैन छात्रों को लेकर मानकापुर फ्लाईओवर से गुजर रही थी, तभी सामने से तेज़ रफ्तार में आ रही स्कूल बस ने वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया: 5 बच्चों को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 3 बच्चों का इलाज कुणाल अस्पताल में जारी है। एक बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे आईसीयू में भर्ती किया गया है।

**निर्माण कार्य बना हादसे का कारण? :** फ्लाईओवर पर इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है। मरम्मत के कारण एक तरफ की सड़क बंद कर दी गई है और दोनों ओर का ट्रैफिक एक ही साइड से चलाया जा रहा है। इस अव्यवस्थित यातायात के कारण फ्लाईओवर पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने पहले भी इस स्थिति को लेकर प्रशासन को कई बार लिखित शिकायतें दी हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

**घटना के बाद राजनीतिक विरोध**

हादसे की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और निर्माण कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने फ्लाईओवर पर सड़क जाम कर आंदोलन किया और संबंधित निर्माण कंपनी को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी के अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर बुलाने और घायलों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। मानकापुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण पाई और सभी घायलों को समय रहते अस्पताल भिजवाया। हादसे की जांच जारी है।

# शहर में घूमते हुए मिला तड़ीपार अपराधी

**नागपुर.** पुलिस की टीम 10 सितंबर की रात करीब 11:50 बजे क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान, शामनगर पानी टंकी के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोशन ज्ञानेश्वर कोडापे (25), निवासी सुभाष नगर, बताया। रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी को पुलिस उपायुक्त, परिमंडल-1 ने 12 नवंबर 2024 को नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र से दो वर्षों के लिए हद्दपार किया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी बिना किसी अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में मौजूद था और किसी अपराध की योजना बनाते हुए पकड़ा गया।



# वाड़ी में वाहन चोरी का बड़ा पर्दाफाश

## 10 बाइकें बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**वाड़ी.**

वाड़ी पुलिस ने वाहन चोरी के बड़े मामले का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चोरी की 10 दोपहिया गाड़ियां बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत ₹7,50,000 बताई जा रही है। अब तक इस गिरफ्तारी से 5 अन्य अपराधों का भी खुलासा हुआ है।




**आरोपी और शिकायतकर्ता:** गिरफ्तार आरोपी का नाम विजेंद्र उर्फ विजय रंजीत सोनबरसे (23), निवासी सावरगांव, तहसील नरखेड, जिला नागपुर है। जबकि शिकायतकर्ता हैं शुभम ब्रिजलाल शर्मा (22), निवासी आठवामैल।

**घटना और मामला दर्ज:** यह वारदात 19 दिसंबर 2024 की शाम 7 से 8 बजे के बीच आठवामैल स्थित डिफेंस गेट के पास हुई थी। वाड़ी पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 540/2024, धारा 303(2) भा.न्या.सं. 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया।

**आरोपी की करतूत:** पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चोरी की बाइकें सेकंड हैंड बताकर लोगों को बेचता था और कागजात बाद में देने का झांसा देता था। कुछ बाइकें उसने अलग-अलग स्थानों पर छुपा रखी थीं। आरोपी की निशानदेही पर सभी बाइकें बरामद की गईं।

**पुलिस की भूमिका:** यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल, सह पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त शिवाजी राठोड, उपायुक्त ऋषिकेश सिंगा रेड्डी, और सहायक पुलिस आयुक्त सतीश गुरव के मार्गदर्शन में की गई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे, डीबी प्रभारी पीएसआई अमित बंडगर, तथा डी.बी. पथक के कर्मचारी अजय पाटील, रोशन फुकट, दुर्गादास माकडे, राहुल बोटरे और सोमेश्वर वर्धे इस कार्रवाई में शामिल थे।



**नागरिकों से पुलिस की अपील:** वाड़ी पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि किसी भी सेकंड हैंड वाहन को खरीदते समय सभी कागजात की जांच अवश्य करें। संदिग्ध वाहन दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें और घर एवं दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

इस बड़ी कार्रवाई से वाहन चोरी गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगा है और नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ा है।

# वाडी में 45 वर्षीय युवक का अपहरण और मारपीट, आरोपी फरार

**वाडी.**

वाडी पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम एक सनसनीखेज घटना घटी, जिसमें 45 वर्षीय विजय मोहन सिंह बिसेन का अपहरण कर उनकी बेरहमी से मारपीट की गई। घटना में दो पुरुष और एक महिला आरोपी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, विजय मोहन सिंह (45, निवासी स्मृति नगर) रोज़ाना की तरह वाडी थाना के सामने से गुजर रहे थे। तभी एक सफेद रंग की झायलो कार में सवार आरोपी रितेश धवले (वाडी निवासी), चेतन मांडवकर और श्वेता मांडवकर (दोनों नागपुर पांजरा निवासी) वहां पहुंचे।

बताया गया है कि रितेश और विजय का पुराना परिचय था। रितेश को संदेह था कि उसकी बहन और विजय के बीच अवैध संबंध चल रहे हैं। गुस्से में आकर तीनों आरोपियों ने




विजय को जबरदस्ती कार में बैठाया और कार में ही उन्हें पीटा। इसके बाद आरोपियों ने देसी कट्टे की नोक पर विजय को पांजरा ले जाकर न्यू मंगल बार के पास फावड़े की रोड से और डंडे से मारपीट की।

घटना की जानकारी मिलते ही विजय के भाई मौके पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद विजय ने वाडी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रितेश धवले, चेतन मांडवकर और श्वेता मांडवकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 140(3), 115(2), 3 और 5 के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि, घटना को 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद आरोपी अभी तक फरार हैं। विजय ने पुलिस को बताया कि आरोपी फरार होने के कारण उन्हें अपनी जान का खतरा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# खुर्सापार ग्राम सचिव जया पाटील को दोहरा सम्मान आदर्श ग्राम अधिकारी पुरस्कार से नवाजा गया

**कोंढाली.**

नागपुर जिले की काटोल पंचायत समिति अंतर्गत आने वाली खुर्सापार ग्राम पंचायत की सचिव जया पाटील को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए वर्ष 2022-23 का "आदर्श ग्राम अधिकारी पुरस्कार" प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नागपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनी के हाथों उन्हें सौंपा गया। इसके अलावा मुंबई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्य के ग्रामविकास मंत्री जयकुमार गोरे और ग्रामविकास सचिव डवले द्वारा भी जया पाटील का विशेष सत्कार किया गया।



जया पाटील ने 22 सितंबर 2021 से खुर्सापार ग्राम पंचायत में ग्राम सचिव के रूप में अपनी सेवाएँ दी हैं। उनके कार्यकाल में खुर्सापार ग्राम पंचायत ने कई महत्वपूर्ण

इन उपलब्धियों को देखते हुए ही उन्हें राज्य स्तर पर "आदर्श अधिकारी" के रूप में सम्मानित किया गया। जया पाटील के इस सम्मान पर ग्रामवासी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी हर्षोल्लास व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रेरणादायक भी साबित हुई है।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर होगी सख्त कार्रवाई: सुनंदा देशमुख

### सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**कामठी.**

शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात अनुशासन पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। शहर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कामठी विभाग की वरिष्ठ यातायात पुलिस निरीक्षक सुनंदा देशमुख ने हाल ही में वाहन मालिकों और चालकों के साथ हुई बैठक में नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है, जिससे कई लोगों की जान जा



रही है। नागपुर शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल और यातायात पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। सुनंदा देशमुख ने कहा कि भारी वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय महामार्ग पर बने नए हाईवे और आउटर रिंग रोड का उपयोग करें। शहर के भीतर यातायात को सुचारू बनाने के लिए, आडा पुल साईबाबा मंदिर के पास पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

हालांकि, आवश्यक वस्तुओं और सरकारी वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। उन्होंने ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई वाहन चालक इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सुनंदा देशमुख ने जोर देकर कहा कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल अपनी, बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इस जनसंवाद कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद ठाकुर, वाहन संघ के सदस्य आरिफभाई नागाणी, शिव शर्मा, मोहम्मद, अमरीन मुलानी, फईम खान और कई अन्य वाहन मालिक उपस्थित थे। पुलिस का यह प्रयास दुर्घटना-मुक्त यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# तहसील स्तरीय अंडर-19 कबड्डी में पोरवाल कॉलेज विजयी

**कामठी.**

महाराष्ट्र राज्य, पुणे के खेल और युवा खेल निदेशालय द्वारा आयोजित अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में कामठी के केसरीमल पोरवाल कॉलेज की टीम ने शानदार जीत हासिल की है। यह प्रतियोगिता पोरवाल महाविद्यालय के मैदान पर ही संपन्न हुई। फाइनल मुकाबला पोरवाल कॉलेज और तुलजाभवानी विद्यालय, गुमथला के बीच हुआ, जो बेहद रोमांचक रहा। मैच की शुरुआत में पोरवाल कॉलेज ने बढ़त बनाई, लेकिन तुलजाभवानी विद्यालय ने वापसी करते हुए उन्हें कड़ी टक्कर दी। हालांकि, पोरवाल कॉलेज की टीम ने हार नहीं मानी और अंत में अपनी जीत सुनिश्चित की। टीम की



खिलाड़ी आरती वैद्य ने निर्णायक क्षणों में एक शानदार गोल करके अपनी टीम को 7-3 से विजयी बनाया। इस जीत पर महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. मल्लिका नागपुरे, प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात, उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, और पर्यवेक्षक वी.बी. वंजारी ने विजेता टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में कई विद्यालयों ने भाग लिया था, लेकिन पोरवाल कॉलेज ने अपने दमदार प्रदर्शन से यह खिताब अपने नाम कर लिया।

# सावनेर में 'विद्यार्थी संवाद' कार्यक्रम संपन्न



**सावनेर.**

करियर कट्टा की राज्य-स्तरीय पहल के तहत महाराष्ट्र राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी सहायता केंद्र के सहयोग से पूरे राज्य में चल रहे विद्यार्थी संवाद अभियान का स्थानीय भालेराव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पराग निमिषे ने की। मंच पर मुख्य अतिथि यशवंत शितोले, अध्यक्ष महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी सहायता केंद्र, डॉ. शरयू तायवाड़े, जिला प्रधान प्रवर्तक, और डॉ. वर्षा वैद्य, जिला समन्वयक करियर कट्टा भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि यशवंत शितोले ने विद्यार्थियों को करियर कट्टा की अवधारणा से अवगत कराया और प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार, स्वरोजगार और उद्योग में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने समग्र



विकास के लिए मोबाइल फोन और डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने पर भी मार्गदर्शन दिया।

डॉ. शरयू तायवाड़े ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे करियर कट्टा जैसी सरकारी पहलों और अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन तालुका समन्वयक चन्द्रशेखर पोटोडे ने किया, जबकि गीताश्री नवघरे ने उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भालेराव कॉलेज, राम गणेश गड़करी कॉलेज, सरस्वती कॉलेज और के.डी. पवार कॉलेज के कई विद्यार्थियों ने इस संवाद कार्यक्रम का लाभ उठाया।

# तेज बारिश से कोंढाली बस स्टेशन की सुरक्षा दीवार ढही

**कोंढाली.**

11 सितंबर की रात हुई तेज बारिश ने कोंढाली नगर में अफरातफरी मचा दी। लगभग 60 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिससे निर्माणाधीन बस स्टेशन की सुरक्षा दीवार भरभराकर गिर गई। सौभाग्यवश, रात का समय होने के कारण किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ गए हैं।



स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि बस स्टेशन की सुरक्षा दीवार और ह्वेदर शेड निर्माण को मजबूत और नियमों के अनुसार किया जाए। पूर्व उपसरपंच नरेंद्र सिंह सेंगर और स्वप्निल व्यास ने कहा कि यह कार्य टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप होना चाहिए।तेज बारिश और नाली निर्माण की खामियों के कारण पीएचसी मार्ग और वढरपूरा क्षेत्र के कई घरों में पानी भर गया। अचानक आए इस जलभराव से स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। इस पर स्थानीय निवासी बब्लू बिसेन और वासुदेव गिरडकर ने नगर पंचायत प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। एस.टी. विभाग के जे.ई. तेलंग ने बताया कि अब सुरक्षा दीवार को बीम और कॉलम के साथ नियमावली के अनुसार बनाया जाएगा। वहीं नगर पंचायत प्रशासन ने भी बारिश के समय तेज बहाव को रोकने और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### पीएचसी मार्ग के घरों में जलभराव से मची अफरातफरी

# सेवानिवृत्त हवलदार अरगुलेवार देंगे निःशुल्क सैन्य, पुलिस प्रशिक्षण

**कामठी.**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेवानिवृत्त हवलदार चंद्रशेखर अरगुलेवार ने देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना को जगाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने अपनी संस्था तेजस बहुउद्देशीय संस्था के माध्यम से युवाओं को सेना और पुलिस बलों में भर्ती होने के लिए मुफ्त प्रशिक्षण देना शुरू किया है।

कामठी के मच्छीपुल क्षेत्र के निवासी, अरगुलेवार ने अब तक 10,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। वह तेजस प्रशिक्षण के तहत उम्मीदवारों को न केवल शारीरिक अभ्यास करवाते हैं, बल्कि लिखित परीक्षा की भी तैयारी कराते हैं। उनका यह प्रशिक्षण युवाओं को पुलिस, जल, थल और वायु सेना जैसी विभिन्न सैन्य और अर्धसैनिक बलों की परीक्षाओं में सफल होने में मदद कर रहा है।



चंद्रशेखर अरगुलेवार के इस निःशुल्क प्रशिक्षण की ख्याति अब महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी फैल रही है। अमरावती जिले के चिखलदरा में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सचिन गोरले ने उनसे संपर्क कर वहां के आदिवासी युवाओं को भी प्रशिक्षित करने का अनुरोध किया है। गोरले, जो मेलघाट योद्धा विद्रोही विचार मंच के संस्थापक/अध्यक्ष हैं, ने पत्र और फोन के माध्यम से चंद्रशेखर अरगुलेवार से बात की। सचिन गोरले के आग्रह को स्वीकार करते हुए, चंद्रशेखर अरगुलेवार 13 सितंबर को कामठी से चिखलदरा के लिए रवाना होंगे। वे 14 से 21 सितंबर 2025 तक चिखलदरा में 600 युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण देंगे। यह पहल युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो देश सेवा का सपना देखते हैं।

# खापरखेडा उपकेंद्र में 'दवाखाना अपने द्वार' सर्वेक्षण शिविर, ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक किया सहभाग

**खापरखेडा.**

ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं सीधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाए जा रहे "दवाखाना अपने द्वार" अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र खापरखेडा में सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

शिविर के दौरान बीपी, शुगर और सिकलसेल जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की गईं। साथ ही



क्षयरोग (टीबी) और कुष्ठरोग जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। डेंगू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए कंटेनर सर्वेक्षण और टेमीफास्ट गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिसमें ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच मीनाक्षी तागड़े की मुख्य उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत सदस्य धीरज देशभ्रतार और सारिका धनविजय भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयश्री पेटकर के मार्गदर्शन में किया गया। इसके सफल आयोजन में सीएचओ माधुरी उके, प्रयोगशाला तकनीशियन प्रदीप जांभुलकर, स्वास्थ्य सहायक धनंजय ढोके, स्वास्थ्य सहायिका भारती नागदवने सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों का अहम योगदान रहा।

इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में समय पर स्वास्थ्य जांच, रोग-निवारण और उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ी है। यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

# कृषि उत्पन्न बाजार समिति सावनेर की आम बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**सावनेर.**

कृषि उत्पन्न बाजार समिति सावनेर द्वारा 12 सितंबर 2025 को आमसभा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री सुनीलबाबू केदार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। प्रमुख अतिथियों में पूर्व जिल्हापरिषद अध्यक्षा मुक्ताताई कोकड्डे, उपाध्यक्ष कुंदाताई राऊत, पूर्व उपसभापती शेषराव राहटे, पूर्व सभापती पंचायत समिति गोविंदा ठाकरे, पूर्व उपाध्यक्ष राहुल तिवारी और पूर्व उपसभापती प्रकाश पराते शामिल थे।

अध्यक्ष रवीन्द्र चिखले ने समिति का वार्षिक अहवाल प्रस्तुत किया और वर्षभर का लेखाजोखा रखा। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण झाडे ने किया, जबकि आभार उपाध्यक्ष




प्रकाश लांजेवार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सहकार महर्षि बाबासाहेब केदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। दिवंगत किसानों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

समारोह में कुल 501 पुरस्कार लकी ड्रा के माध्यम से वितरित किए गए। प्रमुख पुरस्कारों में एन्क्टिवा दोपहिया वाहन, वाइडर रोटावेटर, मिनी पावर ट्रेलर, चारा कटर, सोलर जक्टा मशीन, पावर स्प्रे और बैल पर टिफिन व टेबल मशीन शामिल थे।

इसी अवसर पर एक भव्य कृषि प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बागवानी उत्पाद, बीज, दवा, उर्वरक, फल-सब्जी सहित सैकड़ों स्टॉल लगे। हजारों किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीक से तैयार सामग्रियों का अवलोकन किया और उनकी गुणवत्ता की सराहना की। विशेष रूप से सेंट्रल बायोटेक कंपनी के स्टॉल पर प्रदर्शित कृषि साहित्य और सामग्री को किसानों ने काफी पसंद किया। आयोजन की सफलता में समिति के अशोक डवरे, विनोद जैन, चंद्रशेखर कुंभलकर, सुरेश केने, काशिराव पटे, गुणवंत काळे, सुभाष राहटे, मयूर जिचकार, देवाजी मुलमुले, दुर्वास लाखे, सुरज नवले, वैभवी पाटील, मनोरमा चोपडे, जगदीश ठाकूर और सभी अडतीये व व्यापारीं का योगदान सराहनीय रहा।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास चिकन-मटन मार्केट हटाने की मांग

**कामठी.** दुर्गा चौक पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास चल रहे चिकन-मटन मार्केट को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस संबंध में, सकल हिंदू समाज ने कामठी नगर परिषद ने मुख्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इस बाजार से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को हो रही ठेस का उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मंदिर एक पवित्र और आस्था का केंद्र होता है। ऐसे पावन स्थल के बिलकुल बगल में मांस का व्यापार करना न सिर्फ अनुचित है, बल्कि इससे मंदिर और उसके आसपास के वातावरण की पवित्रता भी दूषित हो रही है।

समाज का मानना है कि यह स्थिति अत्यंत दुखद और खेदजनक है। इस ज्ञापन के माध्यम से, मुख्य अधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वे इस संवेदनशील मामले पर तुरंत कार्रवाई करें और बाजार को यहाँ से हटाएँ। ज्ञापन की प्रतियां जिला कलेक्टर, डीसीपी, जोन 5 नागपूर, और जुना कामठी पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक को भी भेजी गई हैं, ताकि प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक यह बात पहुँच सके। समाज को उम्मीद है कि उनकी धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और इस मामले में जल्द ही उचित कदम उठाए जाएँगे।

# हितेश बनसोड के समाजसेवा कार्य की सराहना; मोहन भागवत ने दी प्रेरणादायक सलाह

**सावनेर.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 11 सितंबर को सावनेर थाने के अंतर्गत स्थित श्रीक्षेत्र आदासा में भगवान शमि विघ्नेश गणेश के दर्शन एवं वहाँ चल रहे जिर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने हितज्योती आधार फाउंडेशन



के संस्थापक हितेश बनसोड और उनकी टीम की बेसहारा, मनोरुग्ण एवं सड़क हादसों में की जाने वाली निस्वार्थ सेवा की सराहना की।

मोहन भागवत ने कहा कि हितेश का कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि हितज्योती टीम रोजाना हादसाग्रस्तों को तुरंत मदद प्रदान कर गोल्डन अवर में प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करती है और उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें आवश्यक जानकारी भी देती है। भागवत ने यह भी कहा कि समाजसेवा करते समय आलोचना भी मिलती है, लेकिन इसे नजरअंदाज करके समर्पण के साथ सेवा जारी रखना ही सच्ची प्रेरणा है।

इस अवसर पर आदासा गणपती देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष कलमेश्वर दिवाणी, फौजदारी न्यायालय के न्यायाधिश श्री राठोड, न्यायाधीश मांडवे, मनिषा पिंपलखेडे, सचिव जयंत मुलमुले, अँड्. श्रीकांत पांडे, मनोज खंगारे, सतिष कुंदनवार, पूर्व नगराध्यक्षा अँड्. पल्लवीताई मुलमुले, धनजय मुलमुले, अभिषेक मुलमुले, पल्लवी मुलमुले सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मोहन भागवत ने अंत में हितेश बनसोड को समाजसेवा में निरंतर समर्पित रहने की प्रेरणादायक सलाह देते हुए उनके परिवार और टीम की मेहनत की सराहना की।

# संत ज्ञानेश्वर वार्ड में थ्री-फेज बिजली सप्लाई की मांग, महावितरण को दिया निवेदन

**हिंगनघाट.**

शहर के प्रभाग क्र. 03, संत ज्ञानेश्वर वार्ड के शहालंगडी रोड इलाके में बिजली खंभों पर बिजली सप्लाई को थ्री-फेज करने की मांग को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं ने महावितरण अभियंता को निवेदन सौंपा।



राष्ट्रवादी नेता अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में यह निवेदन बूथ अध्यक्ष पंकज वांदिले के नेतृत्व में दिया गया। निवेदन में बताया गया कि शहालंगडी रोड और चिंचे के पेड़ के आसपास के पूरे इलाके में वर्तमान में केवल सिंगल फेज लाइन है, जिससे इलाके के नागरिकों को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। घरों में उपयोग होने वाले टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन और पंखे जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं बार-बार खराब हो रही हैं।

इस दौरान निवेदन में यह भी कहा गया कि नागरिक नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें सिंगल फेज लाइन के कारण लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निवेदन में महावितरण कंपनी से जल्द से जल्द इस इलाके में सिंगल फेज की जगह थ्री-फेज बिजली सप्लाई लगाने की अपील की गई। निवेदन में चेतावनी दी गई कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो नागरिक आक्रामक कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महावितरण विभाग पर होगी।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष पंकज वांदिले के अलावा अशोकराव राडे, मधुकर चांभारे, नत्थुजी कराळे, सागर प्रजापती, सचिन मुडे और विनोद कावळे समेत अन्य स्थानीय नेता उपस्थित थे।

# 5000 किमी का रोमांचक पीछा: डाबकी रोड पोक्सो प्रकरण का आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

**अकोला.**

अकोला जिले के डाबकी रोड पर नाबालिग बच्ची पर चाकू की नोक पर बलात्कार कर फरार हुए आरोपी तौहीद खान समीर खान (28 वर्ष, निवासी खैर मोहम्मद प्लॉट, डाबकी रोड, अकोला) को पुलिस ने इंदौर (मध्यप्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया।







यह मामला 6 सितंबर 2025 को दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी ने गणेश विसर्जन के समय घर में घुसकर नाबालिग पर हमला किया था। घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया और आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ गई।

**पुलिस की मोहीम:**अकोला पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक के आदेश पर स्थानीय गुन्हे शाखा ने चार टीमें गठित कर महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में आरोपी का लगातार पीछा किया। आरोपी बार-बार ठिकाना बदलता रहा—भुसावल, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, आगरा, झांसी, भोपाल, उज्जैन, देवास—और अंततः इंदौर बायपास पर पकड़ा गया।

पुलिस ने इस दौरान ५००० किमी से अधिक की दूरी तय की, २५० से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली, १२ से अधिक ट्रेन और कई बस स्टैंड, लॉज व आश्रम की तलाशी ली। वेष बदलकर जाल बिछाने के बाद आरोपी को दबोचा गया।

**आरोपी की पिछली आपराधिक गतिविधियाँ:** तौहीद खान समीर खान एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ अकोला शहर के विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं।

**पुलिस टीम:** इस गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक, अपर पुलिस अधीक्षक बी. चंद्रकांत रेड्डी, स्थानीय गुन्हे शाखा प्रमुख पो.नि. शंकर शेळके और टीम के कई अमलदारों ने अहम भूमिका निभाई।

साइबर शाखा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस की त्वरित और साहसी कार्रवाई से अकोला जिले में कानून व्यवस्था और जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

# शहर व ग्रामीण सड़कों की दयनीय स्थिति

## > जनता का सवाल : 'निधि कहां गई?

**हिंगनघाट.**



कभी विकास के नाम पर करोड़ों की निधि खर्च कर बनाई गई हिंगणघाट शहर की सड़कें आज नरकमार्ग बन चुकी हैं। सफ़र अब यातना का सफ़र बन गया है। हर नागरिक सरकार से सीधा सवाल कर रहा है 'मैंने कौन सा गुनाह किया कि मुझे बार-बार इन सड़कों की यातनाए झेलनी पड़ रही हैं?' शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे, बरसात में कीचड़ और गर्मी में धूल का साम्राज्य इसकी वजह से दुर्घटनाए लगातार बढ़ रही हैं। एम्बुलेंस फँसना, स्कूली बच्चों की जान खतरे में आना, व्यापारी और किसान वर्ग की मुश्किलें यह सब अब हिंगनघाट शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें सिर्फ़ सफ़र का रास्ता नहीं बल्कि जनता की सहनशीलता की परीक्षा बन चुकी हैं। इस सवाल का जवाब और ज़िम्मेदारी शासन-प्रशासन को साफ़ करनी ही होगी – यही जनता की मांगा है। रोज़मर्रा की सच्चाई बन गई है।

हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास के नाम पर बड़ी निधि खर्च होने का दावा किया गया था; लेकिन वास्तविकता में सड़कों की दुर्दशा देखकर नागरिकों की आँखों में गुस्से के आँसू छलक रहे हैं। 'विकास का बुलडोज़र हमेशा सड़कों पर ही क्यों चलता है? निधि का दुरुपयोग किसने किया? ज़िम्मेदारी किसकी है?' ऐसे सवाल हर चौक,गांव और गली-मोहल्लों में गूंज रहे हैं। आज

हिंगनघाट की सड़कें बनी नरकमार्ग 'निधि कहा गई?' जनता का सवाल, विकास की निधि खर्च... लेकिन सड़कों की दुर्दशा कायम! गड्ढों से पटी हिंगनघाट शहर व ग्रामीण सड़कों पर जनता का आक्रोश, सफ़र बना कष्टदायक – सरकार को जनता की पुकार, निधि का उपयोग या बर्बादी? – सड़कों के गड्ढों में डूबा विकास,दुर्घटनाए, परेशानी और गुस्सा – ग्रामीण हिंगनघाट की जनता ने सरकार से मांगा जवाब.

# बोरगांव (नांदगांव) में 3.75 लाख रुपये का सुगंधित तंबाकू जब्त




**हिंगनघाट.**

पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बोरगांव (नांदगांव) क्षेत्र से अवैध रूप से ढोया जा रहा सुगंधित तंबाकू जब्त किया है। जब्त किए गए माल की कीमत ₹ 3,75,500 बताई गई है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, हिंगणघाट पुलिस थाने के प्रगटीकरण पथक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन से सुगंधित तंबाकू की ढुलाई की जा रही है। जानकारी के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी के दौरान उसमें प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू का बड़ा जखीरा बरामद हुआ।इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच हिंगणघाट पुलिस कर रही है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुशीलकुमार नायक एवं देवेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई। ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में सहाय्यक पुलिस निरीक्षक पद्माकर मुंडे, प्रशांत ठोंबरे, सुनील मेंढे, राजेश शेंडे, आशीष नेवारे, रोहित साठे और मंगेश वाघमारे शामिल थे।

# स्व. श्यामसुंदर अग्रवाल व्याख्यानमाला 19 और 20 सितंबर को देवली में

**देवली.**

साबाजी स्पोर्ट्स असोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. श्यामसुंदरजी अग्रवाल की 51वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 19 और 20 सितंबर को श्यामसुंदर मन्नालाल धर्मशाला, देवली में दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। यह व्याख्यानमाला अपने 41वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और वर्षों से श्रोताओं के बौद्धिक विकास का सशक्त मंच बनी हुई है।

**पहला दिन – कवि सम्मेलन :** कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार, 19 सितंबर की रात 8:30 बजे कवि सम्मेलन से होगा। इसमें कवि साहिल कुमार (हास्यरस), डॉ. शांतिलाल कोचर (वीररस), श्री कुणाल दानिश (श्रृंगाररस) और एडवोकेट दिनेश शर्मा (हास्यरस) अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। मंच संचालन प्रख्यात कवि एडवोकेट इब्राहिम बक्श आज़ाद करेंगे। देवली–पुलगाँव के विधायक राजेश बकाने कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष प्रदीप दाते विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**दूसरा दिन – व्याख्यान :** निवार, 20 सितंबर को महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय (मुंबई) "तनावमुक्त जीवन कैसे जिएँ" विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्धा क्षेत्र के पूर्व सांसद रामदास तड़स करेंगे, जबकि नागपुर के पूर्व पुलिस उपाधीक्षक चंद्रकांत उदगीकर मुख्य अतिथि होंगे।

**विद्यार्थियों का सम्मान :** दोनों दिनों के दौरान देवली शहर के शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा।


कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गायत्रीदेवी मोहनलाल अग्रवाल स्मृति पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। वहीं, विज्ञान, कला और वाणिज्य स्नातक परीक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को अशोककुमार श्यामसुंदर अग्रवाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

साबाजी स्पोर्ट्स असोसिएशन के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव डॉ. गणेश मालधुरे, सदस्य प्रकाशचंद कांकरिया, प्रा. केशवराव कुवारे, महेश अग्रवाल, राहुल चोपड़ा और मधुसूदन अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस व्याख्यानमाला में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाएँ।

# वर्धा बस डिपो में रखरखाव रैंप पर पानी भरने से मरम्मत कार्य ठप

**वर्धा.**

वर्धा बस डिपो में रखरखाव (मेंटेनेंस) रैंप पर पानी भर जाने से मरम्मत का काम पूरी तरह रुक गया है। इसके चलते बसों की सर्विसिंग और रिपेयरिंग प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर परिवहन सेवाओं पर पड़ रहा है। गौरतलब है कि पानी आखिर कहाँ से और कैसे भर रहा है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल कर्मचारी मोटर की मदद से पानी बाहर निकाल रहे हैं, लेकिन हर बार यही समस्या दोहराने से उनका काम बाधित हो रहा है। इसी बीच मेंटेनेंस परिसर में लगे



बिजली कनेक्शन और उपकरणों में शॉर्ट सर्किट का खतरा भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते पुख्ता कदम नहीं उठाए गए, तो बड़ा हादसा हो सकता है। यात्री संगठनों और कर्मचारियों ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताई है। सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मिश्रा ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल जांच कर स्थायी समाधान निकाले, ताकि परिवहन सेवाएँ बाधित न हों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# आर्वी तहसील में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई

## >1.11 लाख रुपये का जुर्माना वसूला, ट्रैक्टर ज़ब्त – मामला दर्ज

**वर्धा.**

आर्वी तहसील प्रशासन ने गौण खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ज़ब्त कर उस पर 1 लाख 11 हजार 550 रुपये का जुर्माना वसूल किया है। यह कार्रवाई आर्वी तालुका के मौजा पिंपलखुटा परिसर में की गई। तहसील कार्यालय की विशेष टीम गश्त पर थी, तभी ट्रैक्टर बिना अनुमति रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि यह ट्रैक्टर ग्राम पिंपलखुटा निवासी गणेश रामदासजी चाफले का है।



चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं पाया गया। तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ज़ब्त कर तहसील कार्यालय, आर्वी में जमा कराया गया। महाराष्ट्र भूमि राजस्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत 1 लाख 11 हजार 550 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही ग्राम राजस्व अधिकारी की शिकायत पर खरांगणा पुलिस थाने में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उप तहसीलदार साईकिरण अवुलवार, मंडल अधिकारी अनिल जगताप के मार्गदर्शन में, जिला कलेक्टर वान्मथी सी, उप-विभागीय अधिकारी विश्वास शिरसाठ तथा तहसीलदार हरीश काले के निर्देशानुसार की गई। तहसीलदार हरीश काल ने स्पष्ट किया कि आर्वी तालुका में भविष्य में भी अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कानूनी दायरे में रहकर ही खनिजों का परिवहन करें, अन्यथा कड़ी सज़ा भुगतनी होगी।

# जीवन में सफलता पाने के लिए छात्रों को दृढ़

## > तटस्थ और खुले विचारों वाला होना ज़रूरी: पं. शंकरप्रसादी अग्निहोत्री

**वर्धा.**

अग्निहोत्री स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में बोलते हुए पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने ज़ोर देकर कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए छात्रों को दृढ़, तटस्थ और खुले विचारों वाला होना ज़रूरी है। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया।




पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष शंकरप्रसाद अग्निहोत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, वर्धा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्रकांत कोठारे, कॉलेज की प्राचार्य संगीता करहार और आस्थापना विभागाध्यक्ष सी. तड़स भी उपस्थित थे।

पंडितजी ने आगे कहा कि, दृढ़ता का अर्थ है एक लक्ष्य निर्धारित करना और उसे प्राप्त करने के लिए खुद को समर्पित करना और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करना। तटस्थता का अर्थ है अपने निर्णय पर अडिग रहना, चाहे अपने निर्धारित लक्ष्य की राह में कितनी भी मुश्किलें और चुनौतियाँ क्यों न आएँ।

व्यापक का अर्थ है, रास्ते में आने वाली बाधाओं और समस्याओं के बीच से अपना मार्ग और दिशा स्वयं बनाना।

इन तीन व्रतों का पालन करने वाले व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।मानव जीवन का समग्र विकास उसकी शिक्षा पर निर्भर करता है। शिक्षा में वह जितना अधिक ज्ञान अर्जित करता है, उतना ही सफलता के शिखर पर पहुँचता है।

शिक्षा की दिशा व्यक्ति के समग्र विकास और उसके मौलिक अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण है। देश को आर्थिक महाशक्ति और एक प्रभावशाली राष्ट्र बनाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, इसलिए देश को अब ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करे। साथ ही, विद्यार्थियों का दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए, क्योंकि नकारात्मक दृष्टिकोण से आप स्वयं को ही नुकसान पहुँचाएँगे। साथ ही, हमें इस बात पर शोधपरक दृष्टिकोण रखना चाहिए कि हमने जिस भी शाखा में प्रवेश लिया है, उससे हम अपने और देश के लिए कैसे लाभ उठा सकते हैं। डॉ. कोठारे ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि यदि वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं, तो उन्हें अपना पूरा ध्यान पढ़ाई और विद्यार्थी जीवन में प्राध्यापकों द्वारा दिए गए सुझावों पर देना चाहिए.

तो उन्हें अपना पूरा ध्यान पढ़ाई और विद्यार्थी जीवन में प्राध्यापकों द्वारा दिए गए सुझावों पर देना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य संगीता करहार ने महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को इंजीनियरिंग शपथ दी। कार्यक्रम का संचालन प्रा. प्रणाली खेलकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रा. आशीष गवली ने किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, गैर-शिक्षण कर्मचारी और सभी छात्र उपस्थित थे।

# गिरड शिवार में बाघ का आतंक, किसानों ने वन विभाग के सामने तीन घंटे धरना दिया

**समुद्रपूर.**

गिरड खुर्सापार क्षेत्र के खेतों में बाघ के सक्रिय रहने से किसानों और खेत मजदूरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वर्तमान में खेतों में कपास की फवारणी, खाद डालना और निराई-खुर्दी जैसे महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं, लेकिन बाघ के डर से किसान और मजदूर खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। इससे फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है और खेती का काम प्रभावित हो रहा है।



इस समस्या के समाधान और बाघ का तत्काल बंदोबस्त करने की मांग को लेकर सैकड़ों किसानों ने गिरड स्थित वन विभाग कार्यालय के बाहर तीन घंटे तक ठिय्या धरना दिया। किसानों ने उपवनसंरक्षक हरबिंदर सिंह को लिखित ज्ञापन सौंपा और नाराजगी जताई कि वनपरिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे के निर्देशन में किए जा रहे उपायों के बावजूद बाघ शिवार नहीं छोड़ रहा।

उपवनसंरक्षक हरबिंदर सिंह और वनपरिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे ने किसानों को आश्वासन दिया कि बाघ का बंदोबस्त शीघ्र किया जाएगा।

धरने के दौरान गिरड पुलिस स्टेशन के थानेदार विकास गायकवाड़ भी अपने कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि "अगर आठ दिन के अंदर बाघ का बंदोबस्त नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।"

धरने में सरपंच राजू नौकरकर, उपसरपंच मंगेश गिरडे, पूर्व सरपंच विजय तडस, मोहगांव के सरपंच विलास नवघरे, ग्रामपंचायत सदस्य अमोल परबत, राहुल गाडवे, अरुण मोटघरे, प्रवीन चुटे, सुनील गाठे, बलवंत गाठे, विनोद येणुरकर, हमीद पटेल, नरेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में किसान और मजदूर शामिल थे।

# म. ज्योतिबा फुले जनआरोग्य योजना के तहत मरीज लाभान्वित

## > पिछले तीन वर्षों में सावंगी अस्पताल में एक हज़ार से ज़्यादा कंधा प्रतिस्थापन

**वर्धा.**

जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और सावंगी मेघे स्थित आचार्य विनोबा भावे ग्रामीण अस्पताल के अस्थि रोग विभाग ने पिछले तीन वर्षों में एक हज़ार से ज़्यादा कूल्हे और घुटने के जोड़ प्रतिस्थापन की सर्जरी सफलतापूर्वक की है। मध्य भारत के मरीज़ सरकार की महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना के तहत इन सर्जरी का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। एक समय था जब जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी के लिए मरीज़ों को महानगरों की ओर भागना पड़ता था। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सावंगी अस्पताल ने अत्याधुनिक सुविधाओं, उन्नत उपकरणों और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा से युक्त ऑपरेशन कक्ष बनाकर चिकित्सा क्षेत्र में ख्याति अर्जित की है। जहाँ विशेषज्ञ अस्थि रोग विशेषज्ञ अत्यधिक जटिल और जोखिम भरी सर्जरी कुशलता से करते हैं, वहीं ऑपरेशन के बाद मरीज़ों का प्रबंधन, उत्कृष्ट नर्सिंग देखभाल और एक सुरक्षित गहन चिकित्सा इकाई ने इस सफलता में चार चाँद लगा दिए हैं। निजी अस्पतालों में जोड़ प्रतिस्थापन सर्जरी की लागत आमतौर पर 2 से 3 लाख रुपये होती है। हालांकि, महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सावंगी मेघे अस्पताल में मुफ्त इलाज मिला है। इस सफल यात्रा में, हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. रत्नाकर अंबाडे, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. संजय देशपांडे, डॉ. गजानन पिसुलकर, डॉ. हितेंद्र वांबोरिकर, डॉ. सुहास लांडगे और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण




योगदान दिया है। इस बीच, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दत्ता मेघे, मुख्य सलाहकार डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, प्रमुख सलाहकार सागर मेघे, कुलपति डॉ. ललित भूषण वाघमारे के मार्गदर्शन और सर्वांगीण सहयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि मरीजों को नवीनतम सुविधाएं मुफ्त में मिलें।

इन तीन वर्षों में, बिना किसी संक्रमण या जटिलता के 1,050 सर्जरी पूरी की गई हैं। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने भावना व्यक्त की कि ये सभी मरीज जो पूरी तरह से ठीक हो गए हैं, अपनी दैनिक गतिविधियों में वापस आ रहे हैं और अपने परिवारों को आर्थिक रूप से योगदान दे रहे हैं, जो हमारे लिए वास्तविक आय है।

# फसल नुकसान के चलते राष्ट्रवादी कांग्रेस की मांग, क्षेत्र को 'वोला-दुष्काल' घोषित करने की अपील

**हिंगनघाट.**

विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो महीनों से लगातार हो रही भारी बारिश और रोगराई के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस संकट के मद्देनजर, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार पक्ष) ने राज्य सरकार से क्षेत्र को 'वोला-दुष्काल' घोषित करने और किसानों को तुरंत आर्थिक मदद देने की मांग की है.

राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश सरचिटनीस अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि भारी बारिश और रोगराई के कारण सोयाबीन की फसल पर येलो मोझाइक, हुमली इल्ली और चारकोल रॉट जैसे रोगों का प्रकोप हुआ, जिससे



हरी-भरी फसलें पूरी तरह पीली पड़कर नष्ट हो गई हैं।

इस आपदा के मद्देनजर, राष्ट्रवादी कांग्रेस ने किसानों के लिए प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपये मुआवजे, बिजली बिल में राहत, मुफ्त बिजली आपूर्ति, और फसल बीमा योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग की है।

साथ ही, इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बोई गई कपास की फसल को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। केंद्रीय सरकार द्वारा विदेशी कपास गठान आयात पर 11 प्रतिशत शुल्क शून्य किए जाने से स्थानीय किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इस संबंध में, कपास की खरीद समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने और आयात शुल्क माफी की अवधि बढ़ाने की भी अपील की गई है।

ज्ञापन सौंपने के मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिंगणघाट तालुका अध्यक्ष विनोद वानखेडे, समुद्रपुर तालुका अध्यक्ष महेश झोटिंग पाटिल, पूर्व जिला परिषद सदस्य मिलिंद कोपुलवार, जिला सरचिटनीस दशरथ ठाकरे, शहर कार्याध्यक्ष अमोल बोरकर सहित कांग्रेस किसान सेल और अन्य कई नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

किसानों की सुरक्षा और आर्थिक राहत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने सरकार से त्वरित कदम उठाने की मांग की है।

# जनार्दनस्वामी योगाभ्यासी मंडल मना रहा 'अमृत महोत्सव' वर्ष

**नागपुर.**

समाज के प्रत्येक वर्ग को तन, मन और बुद्धि से संतुष्ट, प्रसन्न और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से निशुल्क योग को बढ़ावा देने के महान उद्देश्य से परम पूज्य परमहंस परिव्राजकाचार्य योग मूर्ति श्री जनार्दनस्वामी द्वारा 1951 में नागपुर शहर में स्थापित जनार्दनस्वामी योगाभ्यासी मंडल, 2025-26 में अपना 'अमृत महोत्सव' वर्ष मना रहा है। इस अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर, 7, 8 और 9 नवंबर 2025 के बीच रामनगर,




नागपुर में एक भव्य "अमृत महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन" आयोजित करने की योजना है। सम्मेलन का सार्वजनिक उद्घाटन शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 को शाम 6 बजे और समापन समारोह रविवार, 9 नवंबर 2025 को शाम 6 बजे होगा। इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, श्रद्धेय गोविंद देवगिरि महाराज, विवेक घलसासी, डॉ. भारती ठाकुर, डॉ. मधुसूदन पेन्ना, केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, चंद्रशेखर बावनकुले शामिल होंगे। इस तीन दिवसीय आवासीय सम्मेलन में योगासन, प्राणायाम, ओंकार, ध्यान पर व्यावहारिक सत्रों के अलावा, योग सूत्रों और योग दर्शन की व्याख्या, योग चिकित्सा और यौगिक आहार की जानकारी, गणमान्य व्यक्तियों के भाषण, विशेषज्ञों के साथ साक्षात्कार, योग पर आधारित सांस्कृतिक कला प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

सम्मेलन के बारे में अधिक जानकारी और सम्मेलन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए, बोर्ड की वेबसाइट (www.jsyog.org) पर जाएं। इसके अलावा, यदि आप व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करना चाहते हैं, तो आपको सुबह 7 से 9 बजे के बीच रामनगर स्थित योगाभ्यासी मंडल में आना चाहिए, योगाभ्यासी मंडल के कार्यकारी निदेशक मिलिंद वझलवार ने बताया।

# चरवाहे को इंजीनियर बता कर किया फर्जी स्टाम्प घोटाला

## सामतदादा कम्प्यूटर वर्क संचालक हिरासत में!

**दिग्रस.**

बकरियां चराने वाले अशिक्षित चरवाहे को इंजीनियर बता कर उसके नाम से फर्जी स्टाम्प (मुहर) बनाने और उसका अवैध तरीके इस्तेमाल करने का मामला उजागर हुआ है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार की ओर से निर्माण कार्य मजदूरों को पेटी, डिनर सेट और मजदूरों के बच्चों को स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) प्रदान करने की योजना शुरू की गई है. इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन पत्र पर ठेकेदार के हस्ताक्षर और मोहर (सिक्का) होना अनिवार्य है. आवेदन के लिए आवश्यक तमाम तरह की शर्तों को ठेंगा बताते हुए एक व्यक्ति ने एक अन्य अशिक्षित व्यक्ति के नाम से फर्जी मुहर (सिक्का) बनाया और उसका अवैध रूप से उपयोग किया. इस बाबत गुरुवार 11 सितंबर 2025 को दिग्रस पुलिस थाने में शिकायत की गयी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील चौक पर स्थित सामतदादा कम्प्युटर टायपिंग एंड ऑनलाईन वर्क




के संचालक महेश नगर निवासी निखिल भाउसिंग चव्हाण ने वसंत नगर निवासी चरवाहा शिकायतकर्ता राजेश जलसिंग जाधव के नाम से अंग्रेजी में इंजीनियर का फर्जी स्टैम्प (मुहर) बनाया और उसका अवैध तरीके से इस्तेमाल किया. शिकायतकर्ता की शिकायत पर दिग्रस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 341 (2), 341 (3) के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरु कर दी है.

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी आदिवासी समाज के आरक्षण में जारी घूसखोरी!

## सकल आदिवासी समाज संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**दिग्रस.**

देशभर में आदिवासी समाज के आरक्षण में जानबूझकर की जा रही घूसखोरी तथा अन्याय और अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को दिग्रस तहसील कार्यालय पहुंचकर सकल आदिवासी समाज संगठन की ओर से तहसीलदार मयूर राउत को ज्ञापन सौंपा गया. सकल आदिवासी समाज संगठन की ओर से महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल तथा राज्य सरकार के नाम उक्त ज्ञापन सौंपा गया है. 12 सितंबर शुक्रवार को बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला, पुरुष और युवा तहसील कार्यालय में उपस्थित थे. इस दौरान आदिवासी समाज बंधुओं ने जमकर सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया. ज्ञापन के अनुसार हैदराबाद गैजेट के नाम पर आदिवासियों के एसटी आरक्षण में अनावश्यक रुप से घूसखोरी करने के लिए बंजारा समाज को प्रवृत्त किया जा रहा है. बंजारा और आदिवासी समाज के बीच विवाद उत्पन्न कर निचले स्तर की राजनीति की जा रही है. इस आशय की टिप्पणी करते हुए सकल आदिवासी समाज के नेताओं और स्थानीय समाज प्रतिनिधियों ने सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किया. इस मौके पर समाजबंधुओं के समक्ष राष्ट्रिय आदिवासी छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष गजानन गंडाले, राष्ट्रिय आदिवासी एकता परिषद के दिलीप जवादे सर, राष्ट्रिय आदिवासी एकता परिषद जिला अध्यक्ष गणपत गव्हाले और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के भीमराव खारोडे ने राज्य सरकार की आदिवासी विरोधी नीतियों का कड़ा विरोध कर अपने विचार साझा किये.

# खापरखेड़ा सौदामिनी कार्यालय में सूचना फलक लगाने की मांग

**खापरखेड़ा.**




खापरखेड़ा बिजली केंद्र के सौदामिनी कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम, पद और विभाग से संबंधित सूचना फलक लगाने की मांग आम आदमी पार्टी ने उठाई है। पार्टी ने इस संबंध में खापरखेड़ा बिजली केंद्र के मुख्य अभियंता को निवेदन सौंपा है।

निवेदन में कहा गया है कि खापरखेड़ा बिजली केंद्र में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन सौदामिनी कार्यालय में सूचना फलक की अनुपस्थिति के कारण कार्यालय आने-जाने वाले लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सरकारी कामकाज सार्वजनिक और पारदर्शी होना चाहिए।

महाराष्ट्र शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय मुंबई द्वारा 10 सितंबर 2025 को जारी परिपत्रक में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक कार्यालय में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम, पद और विभाग प्रदर्शित करना अनिवार्य है। यदि यह नियम लागू नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर शिष्टभंग की कार्रवाई की जा सकती है।

इस आदेश का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी ने खापरखेड़ा बिजली केंद्र से शीघ्र ही सूचना फलक लगाने की मांग की है। अब यह देखना होगा कि महाजेनको प्रशासन और अधिकारी इस दिशा में कौन से कदम उठाते हैं। नागरिकों की नजरें इस पर टिकी हुई हैं।

# कोंढाली के मुस्लिम समाज ने दोनों कब्रिस्तानों के विकास हेतु 80 लाख रुपये की निधि की मांग की

**कोंढाली.** कोंढाली शहर के मुस्लिम समाज ने शहर के दो प्रमुख कब्रिस्तानों के विकास के लिए सरकार से 80 लाख रुपये की विकासात्मक निधि मंजूर करने की मांग दोहराई है।

समिति की ओर से वर्ष 2023 में राज्य के अल्पसंख्यक विभाग तथा तत्कालीन औकाफ मंत्री अब्दुल सत्तार को निवेदन प्रस्तुत किया गया था। पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार ने इस मांग को उचित ठहराते हुए दोनों कब्रिस्तानों में मूलभूत व पायाभूत सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक बताई थी। स्थानीय मस्जिद कमेटी ने भी इस दिशा में लगातार प्रयास किए हैं। समाज ने इन दोनों कब्रिस्तानों के विकास कार्यों के लिए ₹80 लाख की निधि मंजूर करने की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय विधायक चरणसिंह ठाकुर से भी समिति के पदाधिकारियों ने चर्चा की। समिति के मोहसिन एस. पठान, नूरखां पठान, रियाज शेख और अब्दुल खालिक (बाबा) शेख सहित अन्य पदाधिकारियों ने निवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# श्री श्री रविशंकर ने फुके और साबरे परिवारों को दिया आशीर्वाद



**नागपुर/कामठी.**

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने 10 से 12 सितंबर 2025 तक नागपुर का तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुयायियों को महा रुद्र पूजा में शामिल होने और विज्ञान भैरव पर उनके गहरे प्रवचनों को सुनने का मौका दिया। हजारों की संख्या में भक्तों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया, जिससे पूरे शहर में एक सकारात्मक और आध्यात्मिक माहौल बन गया। इस अवसर पर, कई प्रमुख हस्तियों ने श्री श्री रविशंकर से आशीर्वाद लिया, जिनमें पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके, सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, पूर्व मनपा नगरसेविका डॉ. प्रणिता परिणय फुके और प्री-स्कूल की निदेशक स्वाति पंकज साबरे शामिल थीं। अपनी यात्रा के दौरान, श्री श्री रविशंकर ने ध्यान, योग और प्राचीन ज्ञान के जरिए मानसिक शांति और खुशहाल जीवन जीने के सिद्धांतों पर जोर दिया। 'गुरुदेव' के नाम से भी जाने जाने वाले श्री श्री रविशंकर ने अपने संदेश में समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उनकी इस यात्रा से नागपुर के लोगों में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ।

# रोटरी क्लब ने किया पर्यावरण पूरक गणेश विसर्जन का सफल आयोजन




**हिंगनघाट.** रोटरी क्लब हिंगनघाट एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 6 और 7 सितम्बर को भारत विद्यालय परिसर में पर्यावरण पूरक गणेश विसर्जन का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भक्तों के लिए विशेष कृत्रिम विसर्जन कुंड और गणेश मूर्ति संकलन केंद्र की व्यवस्था की गई थी। सैकड़ों भक्तों ने इस उपक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम "मेरी वसुंधरा – पर्यावरण स्नेही बप्पा" थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स के मार्गदर्शन में सभी रोटरी मेंबर्स ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। सभी मेंबर्स ने अपना अमूल्य समय देकर गणेश विसर्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण किया। रोटरी अध्यक्ष पितांबर चंदानी ने सभी मेंबर्स का दिल से धन्यवाद किया।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्सव की गरिमा को बनाए रखा बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पांढुर्णा में कलेक्टर कार्यालय के स्थान चयन पर बवाल

## विधायक विजय चौरे ने उठाई आवाज़

**सौंसर.**

'ड्राईटेक कंपनी के नज़दीक वाली शासकीय भूमि को जिला कलेक्टर कार्यालय के लिए चुना जाए,' यह मांग सौसर विधायक विजय चौरे ने ज़ोर-शोर से उठाई है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को सौसर जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्णा के तत्वावधान में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रशासन से कलेक्टर कार्यालय के लिए चयनित भूमि को बदलने की मांग की गई।



**वरुड रोड पर प्रस्तावित स्थान पर जताई आपत्ति :** विधायक चौरे ने कहा कि पांढुर्णा को जिला बने दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासनिक भवन निर्माण की दिशा में जो निर्णय लिया गया है, वह भविष्य की दृष्टि से अनुचित है। उन्होंने कहा: "वरुड रोड पर प्रस्तावित स्थान शहर से बहुत दूर है और वहां तक पहुंचना आम नागरिकों के लिए बेहद मुश्किल होगा। आने-जाने में भारी समय और पैसे की बर्बादी होगी। यहां तक कि रेलवे क्रॉसिंग से दिन में 40 बार गेट बंद होता है, जिससे आम लोगों को घंटों इंतज़ार करना पड़ सकता है।" उन्होंने सवाल उठाया कि जब भाजपा कार्यालय के लिए शहर के बीचों-बीच 10,000 वर्गफुट भूमि आवंटित की जा सकती है, तो फिर जनता की ज़रूरत के लिए बेहतर स्थान का चयन क्यों नहीं किया जा सकता?

**ड्राईटेक कंपनी के पास की भूमि को बताया उपयुक्त :** विधायक चौरे ने प्रस्तावित किया कि कलेक्टर कार्यालय के लिए मोरडोंगरी-नेशनल हाईवे के पास, ड्राईटेक कंपनी के नज़दीक स्थित शासकीय भूमि अधिक उपयुक्त रहेगी। यह स्थान पांढुर्णा और सौसर, दोनों के लिए सुविधाजनक है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में मौखिक सहमति भी दी गई थी. उन्होंने पूछा कि रातों-रात निर्णय क्यों और कैसे बदल गया?

**विरोध प्रदर्शन की चेतावनी :** विजय चौरे ने चेतावनी दी कि यदि सुविधाजनक स्थान का चयन नहीं किया गया तो सितंबर माह में पांढुर्णा में एक दिवसीय विशाल धरना देकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा: "आप (कलेक्टर) कुछ वर्षों में ट्रांसफर होकर चले जाएंगे, लेकिन एक ऐसा निर्णय लें कि आने वाली पीढ़ियां आपको याद रखें।"

**ज्ञापन सौंपते समय कई कांग्रेस नेता रहे मौजूद :** ज्ञापन सौंपने के दौरान कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं: जतन उईके (जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष), लता तुमड़ाम (जनपद पंचायत अध्यक्ष), सुनील बुधराजा (जिला कार्यवाहक अध्यक्ष), विश्वास कॉम्बे, जयंत घोड़े, ओम पटेल, रवि खापरे, देवकांत मांडोगडे, बंटी ठाकुर, नारायण वादबुढे, अरुण धुर्वे, चैतराम चौधरी, ओम प्रकाश ढोके समेत अनेक पदाधिकारी रहे मौजूद.

पांढुर्णा में जिला कलेक्टर कार्यालय के स्थान चयन को लेकर विवाद अब तेज़ हो चुका है। विधायक चौरे और कांग्रेस कमेटी ने इसे जनता से जुड़ा मुद्दा बताया है और विरोध की चेतावनी दी है। प्रशासन अब क्या रुख अपनाता है, इस पर क्षेत्र की जनता की नजरें टिकी हैं।

# गृह मंत्री ने ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को किया सम्मानित

> आतंक के आकाओं को भारतीयों के जीवन से खेलने पर भुगतना होगा अंजाम

> ऑपरेशन सिंदूर से भारतीयों में संतोष पैदा हुआ और ऑपरेशन महादेव ने उसे आत्मविश्वास में बदला



**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में ऑपरेशन महादेव में हिस्सा लेने वाले भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जांबाजों को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह के जरिए शाह ने देश की सुरक्षा में जुटे जवानों के अद्वितीय साहस, समर्पण और वीरता को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। अमित शाह ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ही हमारी प्राथमिकता है। उनके नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव जैसे अभियानों ने आतंकवादियों को निर्णायक संदेश दिया है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षा बलों ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों का खात्मा कर दिया। यह केवल सुरक्षा बलों की जीत नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मसम्मान की विजय है। शाह ने इसे "हर नागरिक की भागीदारी से मिल रही शक्ति" का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, अमित शाह की रणनीतियों ने भारत को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ाया है। अब भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक मोर्चे पर खड़ा है और नागरिकों का सहयोग इसकी सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की कार्यक्षमता और आत्मबल में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

# विद्युत खंभे पर थ्री-फेस विद्युत आपूर्ति करें

> अध्यक्ष वांदिले के नेतृत्व में महावितरण अभियंता को सौंपा गया ज्ञापन

**हिंगनघाट.** शहर के प्रभाग क्रमांक 03, संत ज्ञानेश्वर वार्ड, शहालंगड़ी रोड क्षेत्र में स्थित विद्युत खंभे पर थ्री-फेस विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर राष्ट्रवादी नेता अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में महावितरण अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त क्षेत्र संत ज्ञानेश्वर वार्ड, शहालंगड़ी रोड, चिंचे के पेड़ के पास का संपूर्ण इलाका सिंगल-फेस लाइन से जुड़ा हुआ है। इस कारण नागरिकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। घरों में टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, पंखा जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को भारी क्षति हो रही है। इसके बावजूद, क्षेत्र के सभी नागरिक समय पर बिजली बिल जमा कर रहे हैं, बिल बकाया नहीं रख रहे हैं।

सिंगल-फेस लाइन के कारण नागरिकों को लंबे समय से परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महावितरण कंपनी की है। इसलिए, महावितरण अभियंता से मांग की गई है कि इस विषय को गंभीरता से लेकर संत ज्ञानेश्वर वार्ड क्षेत्र में जल्द से जल्द सिंगल-फेस के स्थान पर थ्री-फेस विद्युत आपूर्ति की जाए।

अन्यथा क्षेत्र के नागरिक आक्रामक रुख अपनाएंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी महावितरण विभाग की होगी। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बूथ अध्यक्ष पंकज वांदिले, अशोकराव राडे, मधुकर चांभारे, नत्थुजी कराळे, सागर प्रजापति, सचिन मुडे, विनोद कावले आदि उपस्थित थे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 348-5 | 578-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 330-6 | 250-7 |

# गिरड खुरसापार में बाघ का आतंक

**गिरड.**



गिरड खुरसापार के खेतों में एक बाघ ने जमकर उत्पात मचाया है। इससे किसानों और खेत मजदूरों में दहशत का माहौल है। गिरड़ के सैकड़ों किसान वन विभाग कार्यालय पहुँचे और तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे, इस बाघ पर तुरंत नियंत्रण की मांग की और उप वन संरक्षक हरविंदर सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि वन विभाग इन बाघों को खेतों से भगाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहा है, लेकिन वन परिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे के सीधे मार्गदर्शन में बाघ खेत छोड़ने को तैयार नहीं है। इससे किसानों के कृषि कार्य में बाधा आ रही है। इस समय खेतों में कपास का छिड़काव, खाद डालना और निराई का काम जोरों पर चल रहा है। हालांकि, खेतों में बाघ की मौजूदगी के कारण खेत मजदूर काम पर आने को तैयार नहीं हैं। इससे किसानों के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा हो गया है: खेत की फसल को कैसे बचाया जाए? सैकड़ों किसान गिरड़ स्थित वन विभाग कार्यालय पहुंचे और इस बाघ पर नियंत्रण की मांग को लेकर धरना दिया। इसकी जानकारी मिलने पर वे उप वन संरक्षक हरविंदर सिंह और वन परिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उपस्थित किसानों ने बयान देकर मांग की कि इस बाघ पर तुरंत नियंत्रण किया जाए और हमें भयमुक्त वातावरण में खेत दिया जाए। उप वन संरक्षक हरविंदर सिंह और वन परिक्षेत्र अधिकारी निलेश गावंडे ने आश्वासन दिया कि बाघ को मार दिया जाएगा। इस दौरान गिरड़ थाने के थानेदार विकास गायकवाड अपने कर्मचारियों के साथ वन विभाग कार्यालय पहुंचे। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर 8 दिनों के भीतर बाघ पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस समय सरपंच राजू नौकरकर, उपसरपंच मंगेश गिर्दे, विलास लभाने पत्रकार, पूर्व सरपंच विजय तडस, मोहगांव के सरपंच विलास नवघरे, ग्राम पंचायत सदस्य अमोल पर्वत, राहुल गढ़वे, अरुण मोटघरे, प्रवीण चुटे, सुनील गाठे, बलवंत गाठे, हामिद पटेल, नरेंद्र मिश्रा, प्रभाकर चामचोर, संदीप शिवनकर, प्रवीण ठाकुर आदि सहित बड़ी संख्या में किसान और खेतिहर मजदूर उपस्थित थे.

